# रफाल सौदे पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आज

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 नवंबर।

सुप्रीम कोर्ट रफाल सौदे पर सरकार को क्लीन चिट देने के अपने निर्णय पर पुनर्विचार की मांग कर रही याचिकाओं पर गुरुवार को फैसला सुनाएगा। शीर्ष अदालत रफाल मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा और अरुण शौरी, कार्यकर्ता व वकील प्रशांत भूषण समेत कुछ अन्य की याचिकाओं पर फैसला सुनाएगा। इनमें पिछले साल के 14 दिसंबर के उस फैसले पर पुनर्विचार की मांग की गई है जिसमें फ्रांस की कंपनी दसॉल्ट से 36 लड़ाकू विमान खरीदने के केंद्र के रफाल सौदे को क्लीन चिट दी गई थी।

प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई, न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति केएम जोसफ के पीठ ने राजनीतिक रूप से संवेदनशील इस मामले पर 10 मई को सुनवाई पूरी की थी। पीठ ने कहा था कि इस पर फैसला बाद में सुनाया जाएगा। शीर्ष अदालत ने 14 दिसंबर, 2018 को 58,000 करोड़ के इस समझौते में कथित अनियमितताओं के खिलाफ जांच का मांग कर रही याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

सुनवाई पूरी करते हुए शीर्ष अदालत ने सौदे के संबंध में विभिन्न मुद्दों पर केंद्र से संप्रभु गारंटी से छूट और समझौते में प्रौद्योगिकी हस्तांतरण उपबंध का नहीं होने आदि पर सवाल किए थे। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाले पीठ ने ललिता कुमारी मामले में फैसले का उल्लेख किया। इसमें कहा था कि संज्ञेय अपराध होने का खुलासा होने पर प्राथमिकी आवश्यक है। पीठ ने कहा था कि सवाल यह है कि आप ललिता कुमारी फैसले का पालन करने के लिए बाध्य हैं या नहीं। अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने पीठ से कहा था कि प्रथम दृष्टया एक मामला होना चाहिए अन्यथा वे (एजंसियां) आगे नहीं बढ़ सकती हैं। सूचना में संज्ञेय अपराध का खुलासा होना चाहिए।

# पाकिस्तान ने फिर किया संघर्ष विराम का उल्लंघन

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 नवंबर।

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा के पास अग्रिम चौकियों पर बुधवार को पाकिस्तानी सैनिकों ने गोलाबारी कर एक बार फिर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। भारतीय सेना ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, 'सुबह करीब सात बजे पाकिस्तानी सेना ने केरी सेक्टर में बिना किसी उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की और गोले दाग कर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया।' उन्होंने बताया कि खबर लिखे जाने तक दोनों ओर से गोलीबारी जारी थी। इससे पहले पाकिस्तानी सैनिकों ने मंगलवार को पुंछ जिले में भी अग्रिम चौकियों और गांवों में गोले दाग कर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया था। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना की जवाबी गोलीबारी में पाकिस्तान का एक सैनिक मारा गया था। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, पिछले 11 दिनों में पाकिस्तानी सेना ने 99 बार अंतरराष्ट्रीय सीमा (आइबी) व नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर गोलाबारी किया है।

# मृतक के परिवार से जिलाधिकारी की अभद्रता का वीडियो वायरल

अमेठी (उप्र), 13 नवंबर (भाषा)।

उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के जिलाधिकारी प्रशांत सिंह का मृतक सोनू सिंह के परिजनों से कथित अभद्रता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और स्थानीय लोगों ने प्रशासन की संवेदनहीनता पर नाराजगी जताई है।

वायरल वीडियो में जिलाधिकारी प्रशांत शर्मा आक्रोशित भीड़ के बीच मृतक सोनू सिंह के चचेरे भाई एवं पीसीएस अधिकारी सुनील सिंह का कॉलर पकड़कर खींचते हुए दिख रहे हैं। गौरतलब है कि सोनू सिंह की मंगलवार देर शाम गोली मारकर हत्या कर दी गई थी और गौरीगंज कोतवाली से महज 700 मीटर की दूरी पर मुसाफिरखाना रोड की नहर पुलिया के पास अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया था।

वीडियो में जिलाधिकारी कहते दिख रहे हैं, 'रात भर से मेरे वरिष्ठ अधिकारी लगे हुए हैं। आप यह बताइए कौन से देश में, कितना भी एडवांस क्यों न हो, क्या वहां पर मर्डर नहीं होते हैं? हम कोई भगवान तो है नहीं जो हर त्रासदी को रोक सकें। आप हमारी जगह पर होते तो क्या करते, क्या मर्डर रोक लेते। आप यही तो कहते कि रोकना तो किसी के हाथ में नहीं है। आप यही तो करते जो दोषी है उस पर कार्यवाही करते। अगर आपने चिन्हित कर लिया है तो बता दीजिए। अगर आपने चिन्हित नहीं किया है तो हम हर ताकत लगा देंगे उसको चिन्हित करने के लिए। जो चिन्हित हैं उनको उनके नाम पुलिस को बता दिए हैं? क्या किसी ने यह कहा कि कार्यवाही नहीं करेंगे, जो करना है करो।' सोनू के बड़े भाई ने बताया कि जहां घटना घटित हुई थी वहां पर थोड़ी दूर पर ही डायल 100 पुलिस खड़ी थी। अगर चाहती तो वह पकड़ सकती थी। गोली चल रही थी।

## यूफ्लैक्स लिमिटेड

UFLEX 'A part of your daily life'

CIN : L74899DL1988PLC032166

रजिस्टर्ड ऑफिस : 305, तीसरी मंजिल, भानोट कॉर्नर, पाम्पोष एन्क्लेव, ग्रेटर कैलाश-1, नई दिल्ली-110048
फोन : +91-11-26440917, 26440925, फैक्स : +91-11-26216922, बेबसाईट : www.uflexltd.com, इमेल : secretarial@uflexltd.com

**30.09.2019 को समाप्त तिमाही एवं छमाही के दौरान अनंकेक्षित समेकित एवं स्टैंडअलोन वित्तीय परिणाम**

(₹ लाखों में)

| क्र0 सं0 | विवरण | समेकित | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.09.2019 को समाप्त तिमाही (अनंकेक्षित) | 30.06.2019 को समाप्त तिमाही (अनंकेक्षित) | 30.09.2018 को समाप्त तिमाही (अनंकेक्षित) | 30.09.2019 को समाप्त छमाही (अनंकेक्षित) | 30.09.2018 को समाप्त छमाही (अनंकेक्षित) | 31.03.2019 को वर्ष समाप्त (अंकेक्षित) |
| 1. | कुल आय | 187532 | 198197 | 202079 | 385729 | 393311 | 797480 |
| 2. | अवधि के लिए कर से पहले शुद्ध लाभ / (हानि) | 12331 | 11768 | 11539 | 24099 | 22508 | 40875 |
| 3. | अवधि के लिए कर के बाद शुद्ध लाभ / (हानि) | 9426 | 9091 | 9610 | 18517 | 19046 | 31521 |
| 4. | अवधि के लिये शुद्ध लाभ/(हानि) गैर-नियंत्रित ब्याज के पश्चात | 9399 | 9068 | 9569 | 18467 | 18978 | 31383 |
| 5. | अवधि के लिए कुल व्यापक आय | 10175 | 9809 | 22894 | 19984 | 34841 | 34213 |
| | कुल मिलाकर अवधि के लिए व्यापक आय | | | | | | |
| | ओनर आफ दी होल्डिंग कंपनी | 10148 | 9786 | 22853 | 19934 | 34773 | 34075 |
| | नॉन- कंट्रोलिंग इंट्रेस्ट | 27 | 23 | 41 | 50 | 68 | 138 |
| 6. | समतुल्य अंश पूंजी | 7221 | 7221 | 7221 | 7221 | 7221 | 7221 |
| 7. | अन्य इक्विटी, जो गैर अनियंत्रित ब्याज को छोड़कर पिछले वर्ष के बैलेंस शीट पर दिखाए गई हैं | 422584 | 422584 | 390250 | 422584 | 390250 | 422584 |
| 8. | (ईपीएस) (₹ में) वार्षिक नहीं है | | | | | | |
| | मूलभूत | 13.02 | 12.56 | 13.25 | 25.57 | 26.28 | 43.46 |
| | द्रव्य | 13.02 | 12.56 | 13.25 | 25.57 | 26.28 | 43.46 |

(₹ लाखों में)

| क्र0 सं0 | विवरण | स्टैंडअलोन | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.09.2019 को समाप्त तिमाही (अनंकेक्षित) | 30.06.2019 को समाप्त तिमाही (अनंकेक्षित) | 30.09.2018 को समाप्त तिमाही (अनंकेक्षित) | 30.09.2019 को समाप्त छमाही (अनंकेक्षित) | 30.09.2018 को समाप्त छमाही (अनंकेक्षित) | 31.03.2019 को वर्ष समाप्त (अंकेक्षित) |
| 1. | कुल आय | 102952 | 105507 | 110873 | 208459 | 213690 | 424252 |
| 2. | अवधि के लिए कर से पहले शुद्ध लाभ / (हानि) | 1996 | 2275 | 2623 | 4271 | 4504 | 7270 |
| 3. | अवधि के लिए कर के बाद शुद्ध लाभ / (हानि) | 1485 | 1399 | 1882 | 2884 | 3362 | 5166 |
| 4. | अवधि के लिए कुल व्यापक आय | 1422 | 1287 | 1702 | 2709 | 3087 | 4441 |
| 5. | (ईपीएस) (₹ में) वार्षिक नहीं है | | | | | | |
| | मूलभूत | 2.06 | 1.94 | 2.61 | 3.99 | 4.66 | 7.15 |
| | द्रव्य | 2.06 | 1.94 | 2.61 | 3.99 | 4.66 | 7.15 |

1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में जमा किए गए 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही एवं छमाही के समेकित एवं स्टैंडअलोन वित्तिय विवरण के विस्तृत प्रारूप का सारकित अंश है। 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही एवं छमाही के स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तिय विवरण का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटों (www.nseindia.com, www.bseindia.com) तथा कंपनी की वेबसाइट (**www.uflexltd.com**) पर उपलब्ध है।

कृते यूफ्लेक्स लिमिटेड
हस्ता/-
(अशोक चतुर्वेदी)
चेयरमैन एवं प्रबंधक निदेशक
DIN - 00023452

स्थान : नोएडा
दिनांक: 13.11.2019

# महिला कॉन्स्टेबल का पीछा करने के आरोप में आइबी अधिकारी गिरफ्तार

मुंबाई, 13 नावंबार (भाषा)।

एक महिला कॉन्स्टेबल का कथित तौर पर पीछा करने के मामले में पूर्वी उपनगर के घाटकोपर में खुफिया ब्यूरो (आइबी) के एक अधिकारी को गिरफ्तार किया गया है।

रूपेश कुमार अनिल कुमार को उसके एंटॉप हिल स्थित घर से रविवार को गिरफ्तार किया गया।

## फार्म नं. आईएनसी-26

[कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]
केन्द्रीय सरकार क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, के समक्ष तथा संशोधित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा13(4) और कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30(5) (ए) के मामले
और
**डकटाईल डिज़ाइन कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड**
(CIN: U74999DL2017PTC320472)
जिसका पंजीकृत कार्यालय : **ए-13, तकशीला अपार्टमैंट, प्लॉट नं. 57 आई.पी. एक्सटैंशन, पटपड़गंज, नई दिल्ली-110092** में है, के मामले में
**....आवेदक कंपनी/ याचिकाकर्ता**

एतद्द्वारा जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि कम्पनी ने कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत कम्पनी के मेमोरैंडम ऑफ एसोसिएशन में परिवर्तन लाने हेतु पुष्टिकरण के लिए केंद्र सरकार को आवेदन प्रस्तुत करने का प्रस्ताव किया है, यह विशेष प्रस्ताव एक असाधारण आम बैठक में कम्पनी को सक्षम करने हेतु **11 नवंबर, 2019** को आयोजित बैठक में पंजीकृत कार्यालय को **"राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली"** से **"हरियाणा राज्य"** में बदलने हेतु पारित किया गया।

यदि किसी व्यक्ति का हित कंपनी में इस पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित हो तो वह व्यक्ति या तो निवेशक शिकायत प्रपत्र फाइल कर एमसीए-21 पोर्टल (**www.mca.gov.in**) में शिकायत दर्ज करें अथवा एक शपथ पत्र जिसमें उनके हित / विपक्ष के आधार हों, कारण देते हुए, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, बी-2 विंग, दूसरा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्पलैक्स, नई दिल्ली-110003 को पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित करें तथा इसकी एक कॉपी आवेदक कम्पनी को इसके पंजीकृत कार्यालय **ए-13, तकशीला अपार्टमैंट, प्लॉट नं. 57 आई.पी. एक्सटैंशन, पटपड़गंज, नई दिल्ली-110092** पर इस सूचना के छपने के 14 (चौदह) दिनों के भीतर भेज दें।

कृते **डकटाईल डिज़ाइन कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड**
विवेक कुमार (निदेशक)
डीआईएन: 07857561

दिनांक: 13 नवंबर 2019
स्थान: नई दिल्ली

## JITF INFRALOGISTICS LIMITED

JINDAL

CIN - L60231UP2008PLC069245

**Regd. Office :** A-1, UPSIDC Indl. Area, Nandgaon Road, Kosi Kalan, Distt. Mathura (U.P.)-281403

**EXTRACT OF FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED SEPTEMBER 30, 2019**

(₹ lacs)

| S. No. | Particulars | Standalone | | | | Consolidated | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | Half Year Ended | Year Ended | Quarter Ended | Quarter Ended | Half Year Ended | Year Ended | Quarter ended |
| | | 30.09.2019 Unaudited | 30.09.2019 Unaudited | 31.03.2019 Audited | 30.09.2018 Unaudited | 30.09.2019 Unaudited | 30.09.2019 Unaudited | 31.03.2019 Audited | 30.09.2018 (Refer note 2) |
| 1 | Total Income from operations | 24.86 | 24.86 | - | - | 19,522.08 | 40,385.28 | 58,217.31 | 12,898.40 |
| 2 | Net Profit/ (Loss) for the year (before Tax and Exceptional items) | 6.78 | 13.05 | 23.14 | 4.56 | (2,095.33) | (3,699.59) | (11,817.02) | (3,064.95) |
| 3 | Net Profit/ (Loss) for the year before Tax (after Exceptional items) | 6.78 | 13.05 | 23.14 | 4.56 | (2,095.33) | (3,699.59) | (11,817.02) | (3,064.95) |
| 4 | Net Profit/ (Loss) for the year after Tax (after Exceptional items) | 5.63 | 9.13 | 17.93 | 5.87 | (2,890.19) | (4,799.20) | (11,379.41) | (3,000.16) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive income (after tax)] | 5.96 | 9.79 | 19.25 | 8.37 | (2,870.09) | (4,773.91) | (11,233.76) | (2,933.56) |
| 6 | Equity Share Capital | 514.07 | 514.07 | 514.07 | 514.07 | 514.07 | 514.07 | 514.07 | 514.07 |
| 7 | Reserve (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | | | 31,437.66 | | | | (37,439.23) | |
| 8 | Earnings Per Share (of ₹ 2/- each) | | | | | | | | |
| | (1) Basic (₹) | 0.02 | 0.04 | 0.07 | 0.02 | (11.02) | (18.24) | (43.01) | (11.44) |
| | (2) Diluted (₹) | 0.02 | 0.04 | 0.07 | 0.02 | (11.02) | (18.24) | (43.01) | (11.44) |

Note:
1) The above is an extract of the detailed format of quarterly/half yearly/ annual financial results filed with the stock exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarterly/half yearly/annual financial results are available on the stock exchanges websites, www.nseindia.com, www.bseindia.com and on the Company's website, www.jindalinfralogistics.com.
2) The figure in the consolidated financials results for the quarter ended 30th September 2018 have been approved by the Company's Board of Directors, but have not been subject to audit or review.

For and on behalf of Board of Directors of JITF Infralogistics Limited
Sd-
Amarendra Kumar Sinha
Whole Time Director
DIN : 08190565

Place: New Delhi
Date: November 13, 2019

